an>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Maharashtra for development of airports in the State under Regional Connectivity Scheme.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) ः महाराष्ट्र सरकार ने नेशनल सिविल एविएशन पॉलिसी, 2016 के अंतर्गत रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम-उड़ान (आर.सी.एस.-उड़ान) से संबंधित केन्द्रीय नागर विमानन मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई आम आदमी को सुरक्षित, सस्ती एवं सतत हवाई यात्रा सुलभ कराए जाने के लक्ष्य के अनुरूप पूथम फेज में शिर्डी, अमरावती, गोंदिया, नासिक, जलगांव, नांदेड़, सोलापुर, कोल्हापुर, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग के एयरपोर्ट्स के विकास हेतु पूस्ताव प्रेषित करते हुए राज्य सरकार और एयरपोर्ट ऑपरेटर्स को जरूरी सुविधाएं और छूट पूदान किए जाने हेतु अनुरोध किया है ताकि उपर्युक्त योजना को शीघ्र और पूभावी ढंग से कियान्वित किया जा सके।

इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार और एयरपोर्ट ऑथरिटी ऑफ इण्डिया के साथ 23 अगस्त, 2016 में सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं। लेकिन, अब तक इस दिशा में कोई पूगति नहीं हुई है, जिस कारण राज्य के चयनित शहरों में हवाई यात्रा प्रारंभ किए जाने में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि वह महाराष्ट्र सरकार ने नेशनल सिविल एविएशन पॉलिसी, 2016 के अंतर्गत रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम-उड़ान (आर.सी.एस.-उड़ान) के कार्यान्वयन हेतु जो पूस्ताव प्रेषित किया है, उसको शीघ्र कियान्वित किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए।